वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा
क्षेत्रीय केन्द्र, कोटा

क्रमांक :वमखुवि / क्षे.के.कोटा / 2024 / 494-502 **दिनांक :— 08.10.2024**

एम.एससी रसायन शास्त्र (पूवार्द्ध) अनिवार्य प्रायोगिक सम्पर्क शिविर (NEW SCHEME)

क्षेत्रीय केन्द, कोटा पर प्रवेश सत्र **जुलाई 2022** में प्रवेशित एम.एससी रसायन शास्त्र पूवार्द्ध (क्षेत्रीय केन्द्र कोटा के अध्ययन केन्द्र, राजकीय महाविद्यालय, कोटा पर पजीकृत) एवं निर्धारित अधिकतम अवधि में आने वाले पूर्व वर्षो के प्रायोगिक डिफाल्टर विद्यार्थी जिन्होंने प्रायोगिक परीक्षा जून 2023 एवं जून 2024 के लिए ऑफलाइन डिफाल्टर प्रायोगिक फॉर्म क्षेत्रीय केन्द्र, कोटा पर जमा करा दिया है, वह भी इस शिविर में सम्मिलित होने के पात्र है। विद्यार्थियों के लिए निम्न कार्यक्रमानुसार 80 दिवसीय अनिवार्य प्रायोगिक सम्पर्क शिविर आयोजित किया जा रहा है।

क्र. सं.	कार्यक्रम का नाम	शिविर की अवधि	दिनांक	समय	स्थान
1	M.Sc Chemistry (Previous) Scholar No.- 225277-07XXXX	80 कार्य दिवस तक	21.10.2024 से प्रारम्भ	प्रथम दिन उपस्थिति समय 10:00 AM	रसायन शास्त्र विभाग, राजकीय महाविद्यालय, कोटा

यह शिविर उन विद्यार्थियों के लिए है जिनका स्कॉलर नम्बर 225277—07XXXX है। प्रायोगिक सम्पर्क शिविर में नियमानुसार न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक है। 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति होने पर प्रायोगिक परीक्षाओं में सम्मिलित होने की अनुमति नही दी जाएंगी एवं परीक्षा परिणाम अपूर्ण रहेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी स्वंय छात्र की होगी । शिविर की विस्तृत समय सारणी एवं परीक्षा की तिथि रसायन शास्त्र विभाग, राजकीय महाविद्यालय, कोटा द्वारा दी जायेगी। इस शिविर में छात्रों की संख्या के आधार पर बैच निर्धारण तथा कार्यक्रम के संशोधन का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा। यह शिविर जनवरी 2018 (**OLD SCHEME**) या उससे पूर्व में प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए नहीं है। कक्षाओं में उपस्थित होने के लिए रहने व खाने की व्यवस्था विद्यार्थियों को स्वंय करनी होगी।

1. विद्यार्थी प्रायोगिक शिविर में अपना कोई भी मान्य मूल फोटो I.D. (पहचान पत्र) साथ अवश्य लावें।
2. प्रायोगिक डिफॉल्टर विद्यार्थी ऑफलाइन आवेदन क्षेत्रीय केन्द्र कोटा पर प्रायोगिक शिविर प्रारम्भ होने से पूर्व तक जमा करा सकते है।
3. उक्त कार्यक्रम के समय में परिस्थिति के अनुसार अथवा महाविद्यालय के स्थान की उपलब्धता के अनुसार परिवर्तन आवश्यक हो तो ऐसी स्थिति में अध्ययन केन्द्र, क्षेत्रीय केन्द्र कोटा को अवगत करावें।

सम्पर्क सूत्र
दूरभाष नं. **0744—2473517, 9414028113**

निदेशक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :—

1. निदेशक, क्षेत्रीय सेवा प्रभाग, वमखुवि, कोटा।
2. निदेशक, अकादमिक, वमखुवि, कोटा।
3. निदेशक, मानविकी एवं समाज विज्ञान विद्यापीठ, वमखुवि कोटा ।
4. परीक्षा नियन्त्रक, वमखुवि कोटा ।
5. नियन्त्रक, वित्त, वमखुवि कोटा।
6. संयोजक, रसायन शास्त्र विभाग, वमखुवि, कोटा।
7. प्रभारी वेब, ईएमपीसी, वमखुवि कोटा को भेजकर लेख है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने की व्यवस्था करावें।
8. प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, कोटा।
9. समन्वयक, राजकीय महाविद्यालय, कोटा को भेजकर लेख है, कि उपरोक्त समय—सारणी में परिवर्तन निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्र, कोटा की अनुमति उपरान्त होगा एवं परिवर्तित समय—सारणी की एक प्रति निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्र, कोटा को भिजवाने का श्रम करावें।

सहायक कुलसचिव